अब रांची हवाई अड्डे पर मिलेगी पुस्तकालय की सुविधा, यात्रियों को मिल सकेगा लाभ

रांची एयरपोर्ट पर सामुदायिक पुस्तकालय का उद्घाटन करते निदेशक व अन्य • जागरण

जासं, रांची : आइआइएम रांची ने रांची हवाई अड्डे पर सामुदायिक पुस्तकालय स्थापित करने की एक अभिनव पहल की है। यह पहल आरंभ फाउंडेशन और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के सहयोग से की गई है। यह विचार आइआइएम रांची की 2030 की रणनीतिक योजना के अनुरूप है। सामुदायिक पुस्तकालय का उद्देश्य सभी यात्रियों के लिए एक समृद्ध और बौद्धिक रूप से प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है। इस निश्शुल्क सामुदायिक पुस्तकालय की स्थापना कर आइआइएम रांची का लक्ष्य ज्ञान के प्रसार को सुविधाजनक बनाना और रांची हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए सार्थक अनुभव तैयार करना है। रांची हवाई अड्डे पर सामुदायिक पुस्तकालय सभी यात्रियों के लिए खुला है। इसके बौद्धिक जुड़ाव का केंद्र बनने की उम्मीद है, जो व्यक्तियों को अपने क्षितिज का विस्तार करने और नए विचारों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। पुस्तकालय का उदघाटन आइआइएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक श्रीवास्तव और हवाई अड्डा रांची के हवाई अड्डा निदेशक केएल अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ।

Dainik Jagran, 30.06.2023, Pg. 04